# भोजन की तलाश में रिहायसी इलाकों व खेतों में पहुंच रहे हैं अजगर और मगरमच्छ

- वन विभाग की टीम और स्नेक कैचर लगातार इनको रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थान पर छोड़ रही है



कोटा के कई इलाकों से वन विभाग की टीम मगरमच्छों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थान पर छोड़ रही है।

**कोटा,** (निसं)। जिले के हर वॉटर बॉडीज में मगरमच्छों की मौजूदगी देखी जा रही है। वर्तमान में इन वॉटर बॉडीज में भारी मात्रा में पानी की आवक हो रही है और इसके चलते मगरमच्छ पानी से बाहर भी आ रहे हैं। ऐसे में भोजन की कमी के कारण ये रिहायशी इलाके या खेतों तक जा पहुंचते हैं।

ऐसा ही एक मामला जिले के सांगोद रोड़ पर गलाना गांव के नजदीक देखने को मिला जहां टोल प्लाजा के नजदीक स्थित एक सोयाबीन के खेत में करीब 12 फीट लंबा और 200 किलो से ज्यादा वजनी मगरमच्छ पहुंच गया। इसकी सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वीरेंद्र सिंह हाडा सहित अन्य लोगों ने इसका रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान मगरमच्छ को खेत से सड़क तक लाना काफी मशक्कत भरा काम था। ऐसे में उसे रस्सियों व बल्लियों के जरिए बांधा गया जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सड़क तक करीब 400 मीटर लाया गया। जिसके बाद इसे देवली अरब स्थित नगर वन के क्रोकोडाइल व्यू प्वाइंट पर छोड़ा गया है।

इसके अलावा कोटा शहर के बोरखेड़ा में पुलिस थाने के नजदीक खाली प्लॉट में भी एक 6 फीट लंबा मगरमच्छ नजर आया है। टीम मौके पर भी पहुंची लेकिन उसका रेस्क्यू नहीं किया जा सका क्योंकि प्लॉट में 2 फीट से ज्यादा पानी भरा हुआ है। साथ ही बड़ी मात्रा में झाड़ियां भी हैं। जबकि इससे पहले मंगलवार सुबह भी मोरपा गांव ो एक 12 फीट लंबे और 200 किलो वजनी मगरमच्छ का रेस्क्यू एक किसान के घर से किया गया था।

**भोजन की तलाश में घर तक पहुंचा अजगर:-** चंबल नदी की कराइयों में बड़ी संख्या में सर्प मौजूद हैं। बारिश में सर्प यहां से निकलकर आबादी एरिया में भी पहुंच रहे है। ऐसे में चंबल रिवरफ्रंट के नजदीक बने एक मकान में करीब 11 फीट लंबा इंडियन रॉक पाइथन यानी अजगर पहुंच गया। यह अजगर भोजन की तलाश में ही पहुंचा था और घर के दरवाजे के नजदीक बैठा हुआ था। इसकी सूचना अकबर भाई बोहरा ने स्नेक कैचर गोविंद शर्मा को दी।

गोविंद शर्मा मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद इंडियन रॉक पाइथन को रेस्क्यू कर उसे लाड़पुरा रेंज के जंगलों में छोड़ा गया। इसी तरह से इसने स्नैक कैचर रॉकी डेनियल ने भी नांता ईदगाह से एक इंडियन रॉक पाइथन का रेस्क्यू किया है। यह 7 फीट लम्बा था और वह भी भोजन की तलाश में बायोलॉजिकल पार्क में पहुंच गया था जहां से रेस्क्यू कर चम्बल के किनारे छोड़ा गया है।

## शिक्षक का सम्मान होगा

**कोटा,** (निसं)। प्राइवेट कॉलेज वेलफेयर सोसायटी कोटा शिक्षा के श्रेष्ठ में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष विकास जोशी ने बताया कि समारोह शुक्रवार 13 सितंबर को यूआईटी ऑडिटोरियम, बालाजी मार्केट में दोपहर 02 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। महामंत्री कुलदीप माथुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में कोटा विश्वविद्यालय के परिधि के सभी महाविद्यालय के शिक्षकों में से 150 श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान सोसायटी द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक महाविद्यालय से दो प्रविष्टियां ली जाएंगी। माथुर ने बताया कि कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर, गंगापुर, हिंडौन और करौली के कॉलेजों के शिक्षकों का सम्मान सोसायटी द्वारा किया जाएगा। महामंत्री कुलदीप माथुर ने बताया कि कोटा सहित राजस्थान का नाम रोशन करने वाले कोटा के लोकप्रिय सांसद एवं देश के लोकसभा अध्यक्ष पद पर दूसरी बार आसीन होने वाले जनप्रिय नेता ओम बिरला का सम्मान सोसायटी द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष विशाल जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, लाडपुरा कल्पना देवी भी उपस्थित रहेंगी।

### सार-समाचार

## अतिवृष्टि से फसल खराबे की विशेष गिरदावरी कराने के निर्देश दिए

**कोटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी ने मंगलवार को सभी उपखंड अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि 2 अक्टूबर तक सभी घुमंतु और अर्ध घुमंतु जातियों को पट्टे देने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने वर्तमान में चल रहे पट्टा अभियान की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समय पर आवेदन प्राप्त करने और आबादी विस्तार के प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिऐं। जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अतिवृष्टि से फसल खराबे की अविलम्ब विशेष गिरदावरी कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सोयाबीन, उड़द जैसी फसलों पर जहां नुक़सान का अनुमान है उसे संवेदनशीलता से देखें। साथ ही, उन्होंने किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने देने पर जोर दिया। डॉ. गोस्वामी ने एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के तहत पात्र लेकिन वंचित परिवारों की सूची जल्द तैयार करने और उन्हें योजना से जोड़ने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) के अंतर्गत नए मतदाताओं और वंचित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाई जाए। इसके अलावा, 1500 से अधिक मतदाताओं वाले क्षेत्रों में बूथ पुनर्गठन के निर्देश भी दिए।

## 60 देहदानी परिजन सम्मानित होंगे

**कोटा,** (निसं)। संस्था शाईन इंडिया फाउंडेशन हाड़ौती संभाग में पिछले 13 वर्षों से नेत्रदान, अंगदान और देहदान के लिए कार्य कर रहा है, संस्था के माध्यम से हाड़ौती संभाग से 1326 नेत्रदान और 75 देहदान हुए हैं, उनमें से 60 देहदान जो हाड़ौती संभाग से हुए हैं, उनका बुधवार भाद्रपद शुक्ल अष्टमी, श्री महर्षि दधीचि जयंति पर, श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति व शाईन इंडिया फाउंडेशन द्वारा, दाधीच छात्रावास प्रांगण में आयोजित श्री महर्षि दधीचि देहदानी प्रथम सम्मान समारोह में सम्मानित किया जा रहा है। देहदानी परिवार सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में, मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, अध्यक्षता मुकेश दाधीच और विशिष्ट अतिथि के तौर पर ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर, विधायक कोटा-लाड़पुरा कल्पना देवी और विधायक कोटा-दक्षिण संदीप शर्मा रहेंगे।

## 'कोटा में ईआरसीपी का पहले बांध बनकर तैयार'

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिले की पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र की कालीसिंध नदी पर तैयार ईआरसीपी (ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) के पहले बांध 'नोनेरा एबरा में पानी का भराव किया जा रहा है। यह बांध कालीसिंध नदी पर बनाया गया है। बांध की क्षमता का आंकलन भी किया जा रहा है। इस बांध में 217 मीटर तक पानी भरने के बाद इसके 27 गेटों को बारी बारी से खोलकर टेस्ट किया जाएगा।

### सार-समाचार

## महिलाओं को दे रहे रंगाई-पुताई का प्रशिक्षण

**कोटा,** (निसं)। जिले में नवाचार के रूप में महिलाओं को रगांई-पुताई के क्षेत्र में अपना करियर बनाने व व्यवसाय के रूप में अपनाने के लिए एशियन पेन्ट एकेडमी के माध्यम से रंगाई-पुताई का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। प्रशिक्षण 14 सितम्बर तक सखी वन स्टॉप सेन्टर में आयोजित किया जाएगा। उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग मनोज मीणा ने बताया कि प्रशिक्षण में 35 महिलाएं व बालिकाएं भाग ले रही हैं। यह प्रशिक्षण एशियन पेन्ट कम्पनी के प्रशिक्षक शैलेन्द्र यादव द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्तमान में बेसिक कोर्स के रूप में सिखाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को वॉल पेन्टिंग विन्डो पेन्टिंग व वुडन पेन्टिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण के पश्चात् महिलाओं को प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा।

## दक्षता निर्माण कार्यशाला आज

**कोटा,** (निसं)। उपभोक्ता मामले विभाग एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में उपभोक्ताओं के सर्वकालिक संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्यव्यापी उपभोक्ता जागृति अभियान के अंतर्गत संभाग स्तर पर दक्षता निर्माण कार्यशाला का आयोजन 11 सितम्बर को किया जाएगा। यह आयोजन डीओआईटी के जरिए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग एवं वेबेक्स के माध्यम से किया जाएगा। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने आयोजन के लिए जिला रसद अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ता मामले विभाग के पत्र के अनुसार संबंधित अधिकारियों की तीन-तीन अधीनस्थ अधिकारियों के साथ कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

## 'हिन्दी दिवस पर विविध कार्यक्रम हों'

**कोटा,** (निसं)। हिन्दी दिवस 14 सितम्बर को हिन्दी के उपयोग के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्यालयों, संस्थानों में विविध गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शासन सचिव स्कूल शिक्षा, भाष एवं पुस्तकालय के परिपत्र के क्रम में निर्देश दिए हैं कि अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं आमजन में हिन्दी के प्रति सम्मान एवं दैनिक व्यवहार में हिन्दी प्रयोग के प्रति प्रेरणा एवं उत्साह के संचार की दृष्टि से विचार गोष्ठी, निबन्ध, काव्य गोष्ठी, वाद-विवाद, श्रुति लेखन, हिन्दी टंकण आदि प्रतियोगिताएं कराई जा सकती हैं। एक दिवसीय कार्यक्रम या हिन्दी सप्ताह मनाया जा सकता है।

## विद्यार्थियों का न्यायालय में शैक्षिक भ्रमण

**कोटा,** (निसं)। मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला व सत्र न्यायालय में जाकर शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। चेयरमेन सुशील मोदी ने बताया कि संस्थान मे विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान के लिए शैक्षणिक भ्रमण करवाए जाते है, शिक्षा के साथ-साथ न्याय प्रणाली की जागरूकता प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है इसी क्रम में विद्यार्थियों ने जिला व सत्र न्यायालय में जाकर करके वहाँ के कार्य के संबंध में सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त की।

## पर्यटन विकास समिति की बैठक आज

**कोटा,** (निसं)। संभागीय पर्यटन विकास समिति की बैठक बुधवार 11 सितम्बर को सायं 5 बजे संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया की अध्यक्षता में सीएडी सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में संभाग के चारों जिलों में पर्यटन विकास के संबंध में व्यापक चर्चा की जाएगी।

# 'सुसाइड के लिए कोटा को बदनाम करना गलत, कोटा मॉडल देश को दिशा देगा'

- वियव आत्महत्या रोकथाम दिवस पर 'मैं भी रखवाला' पर परिचर्चा हुई

**कोटा,** (निसं)। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन, एलन करियर इन्स्टीट्यूट, होप सोसायटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, इंडियन अकादमिक ऑफ पीडियाट्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में "मै भी रखवाला" परिचर्चा का आयोजन मंगलवार को हुआ। लैंडमार्क सिटी स्थित एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सम्यक कैंपस स्थित सद्गुण सभागार में रखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थाओं के सदस्य, हॉस्टल एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे। दीप प्रज्जवलन के बाद होप सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.एमएल अग्रवाल ने आत्महत्या से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि आत्महत्या के कई कारण हो सकते हैं। इन सभी कारणों और इसे रोकने के लिए हो रहे प्रयासों से अवगत करवाने के उद्देश्य से ही यह परिचर्चा रखी गई है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर सुसाइड के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि हर सुसाईड दुखद है लेकिन इसके लिए कोटा को बहुत अधिक बदनाम किया जा रहा है जो कि गलत है।

इससे संबंधित समाचारों को प्रमुखता देना भी सुसाईड के लिए दुष्प्रेरित करने के समान ही होता है। कोटा और राजस्थान में देश में हो रही सुसाइड की तुलना में बहुत कम हो रही है। विभिन्न सर्वे रिपोर्ट्स में भी आंकड़ों में कोटा और राजस्थान पीछे है लेकिन फिर भी कोटा में होने वाली हर अनहोनी वैश्विक स्तर पर छा जाती है, ऐसा नहीं होना चाहिऐं। एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी ने कहा कि इस विषय पर पहले बहुत कम चर्चा होती थी लेकिन अब लग रहा है कि समय के साथ इस विषय को समझा जाना जरूरी है।

सोशल मीडिया का उपयोग बहुत हो रहा है, हर कोई अकेला होता जा रहा है। ऐसे में अभिभावकों से जुड़ना, व्यवहारिकता बढाने जैसे कई प्रयास करने होंगे और इसमें भी सोशल मीडिया का उपयोग किया जाना चाहिए। जीवन हर कोई जीना चाहता है।

माहौल में सकारात्मकता आए, एक दूसरे को मजबूती दें, इसके लिए मिलकर प्रयास करना होगा। एलन इस संबंध में हर संभव प्रयास कर रहा है। एलन के चीफ साइकोलॉजिस्ट डॉ.हरीश शर्मा ने मानसिकता पर बात करते हुए कहा कि हमें जागरूक रहना होगा। चौकन्ना रहते हुए विद्यार्थियों और परिजनों के व्यवहार को समझना होगा। जब भी कोई सुसाईड होता है तो उससे पहले कई लक्षण नजर आते हैं, इन्हें समझना होगा और उस सोच को वहीं खत्म करना होगा।

बच्चे भावनात्मक होने लगे हैं ऐसे में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना जरूरी है। एलन देश में एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां आत्महत्या रोकथाम और विद्यार्थियों की सकारात्मक मानसिकता के लिए हो रहे प्रयासों के चलते पूरा विभाग सनिष्ठ संचालित किया जा रहा है। यहां मनो चिकित्सक, मनोविज्ञानी और विभिन्न क्षेत्रों के काउंसलर्स काम कर रहे हैं। इन प्रयासों के परिणाम नजर भी आने लगे हैं।

आत्महत्या रोकथाम के प्रयासों से जुड़े डॉ.हिमांशु शर्मा ने कहा कि कोटा में जिला प्रशासन के निर्देशन में जो प्रयास हो रहे हैं, वो विश्व के किसी अन्य शहर में नहीं हो रहे। आने वाले समय में कोटा एक ऐसी आदर्श स्थिति में आएगा कि कोटा मॉडल की स्टडी होगी और इसे दुनिया स्वीकार करेगी। कोटा में स्टूडेंट की साइकोलॉजी का अध्ययन कर बहुत प्रयोग किए जा रहे हैं। अनुपस्थिति पर ट्रेकिंग, क्लास में व्यवहार पर नजर, मैस, हॉस्टल में विभिन्न अभियान चलाकर विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में आईएमए के सचिव डॉ.दीपक गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव डॉ.अविनाश बंसल ने किया। अंत में कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों ने सुसाइड रोकथाम के प्रयास करने के लिए शपथ ली।

## विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में जिला कलक्टर डॉ. रवीन्द्र गोस्वामी के कर कमलों से टेक्टोपिया (विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी) का उद्घाटन किया गया। विद्यालय प्रांगण में माहेश्वरी समाज कोटा अध्यक्ष राजेशकृष्ण बिरला, उपाध्यक्ष नन्द किशोर काल्या, मंत्री बिट्ठल दास मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शारदा, सहमंत्री धनश्याम मूंदड़ा, प्रशासक राजेन्द्र कुमार जैन, पूर्वी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष महेशचंद्र अजमेरा, सुरेश काबरा, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, स्कूल प्राचार्य अमित कुमार शर्मा तथा समाज के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। स्कूल प्रिंसिपल अमित कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी की थीम समाज के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के युग में स्वास्थ्य जीवन , कृषि संचार एवं परिवहन एवं कम्प्यूनिकेशनल सोच पर आधारित थी। जिसकी कलेक्टर तथा प्रदर्शनी में आने वाले अभिभावकों ने भूरी-भूरी प्रंशसा की। विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 90 मॉडल्स रखे गये जिनमें मिशन चंद्रयान, एसिड़ रेन, एन्टी स्लीप अलार्म, विस्टा प्रॉजेक्ट, हाइड्रोलिक ब्रिज, स्मार्ट सिटी कोटा, डाइजेस्टिव सिस्टम पहेली आदि प्रमुख रहे।


**नाम परिवर्तन**

मैं कशिश रोहिड़ा एवं मनीषा रोहिड़ा दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। अत: भविष्य में मुझे मनीषा रोहिड़ा के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**मनीषा रोहिड़ा पत्नी लोकेश रोहिड़ा, 739-बी प्रताप नगर दादाबाड़ी कोटा मो. 9351221213**

**खोया-पाया**

मेरे मकान नम्बर 1-ग-11 विज्ञान नगर कोटा के मूल दस्तावेजों में (आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, भौतिक कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र) रास्ते में कही गिर गए है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर सूचित करें।

**पता-विनोद पपनेजा, म.नं. 1-ग-11 विज्ञान नगर कोटा मो. नं. 9462590095**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नन्दकिशोर गौतम पुत्र श्री बजरंग लाल शर्मा निवासी 783 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा का पुत्र अनुराग गौतम उम्र 46 वर्ष है, जो कि मेरे पक्षकार के कहे में नहीं है तथा वह अपनी मर्जी से मनमाना जीवन यापन करता है। मेरा पक्षकार ने अनुराग गौतम को आज दिनांक से अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अनुराग गौतम से कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था या अन्य कोई भी किसी भी प्रकार का वित्तीय लेन-देन या व्यवहार करते है तो इसकी जिम्मेदारी मेरे पक्षकार की नहीं होगी, व्यवहारी व अनुराग गौतम की ही होगी। सूचित हो।

दिनांक : 10.9.2024

भवदीय

**कैलाश चंद शर्मा/हिमांशु उपाध्याय एडवोकेट 9460850860**


# दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र बनवाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए : ए.डी.एम.

**कोटा,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय समितियों की त्रैमासिक बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप निदेशक सविता कृष्णिया ने विभिन्न समितियों के कार्यों की जानकारी दी।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नशा मुक्ति कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि कोचिंग क्षेत्र के इच्छुक छात्रों को भी इस अभियान में शामिल कर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि नशा केवल समाज ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी घातक है। इसलिए, बच्चों को मानसिक रूप से इतना मजबूत बनाया जाए कि वे कभी नशे की ओर न जाएं। दिव्यांग अधिकार समिति के संबंध में उन्होंने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना का प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि 20 सितंबर से समाजिक न्याय एवं अधिकारिता द्वारा आयोजित शिविरों में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल बोर्ड के चिकित्सक उपस्थित रहें और सभी आवश्यक उपकरण व जांच सुविधाएं पहले से उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही, उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को एक दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के भी निर्देश दिया, जो चिकित्सा, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग के साथ समन्वय कर दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रक्रिया को सुगम बनाए। वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण मामलों के संबंध में उन्होंने कहा कि परिवादों की सुनवाई दैनिक आधार पर की जाए और परिवारों की काउंसलिंग के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकाला जाए। उन्होंने वृद्ध आश्रमों व अन्य छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर और अनुजा निगम को भी निर्देश दिए कि जब भी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शिविर आयोजित हों तो उनमें बैंक और अनुजा निगम के काउंटर भी लगाए जाएं ताकि पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वाधार गृह में महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया जाए।


**कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण**

क्रमांक :– ननिको(द)/गैरिज/2024/801–814 दिनांक 10.09.2024

**E.O.I.**

राष्ट्रीय मेला दशहरा 2024 के अवसर पर निशक्तजन एवं वृद्धावस्था आमजन के लिए ई–रिक्शा मय चालक उपलब्ध कराने हेतु EOI आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आवेदकों द्वारा EOI की शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in, http://urban.rajasthan.gov.in.nnks पर देखी जा सकती है।

U.B.N. No. – DLB2425WSOB07779

राज.संवाद/सी/24/5037 अति0 आयुक्त एवं मेला अधिकारी

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-2314 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-10.9.24

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की योजना शहीद चन्द्रशेखर आजाद अफोर्डेबल आवासीय योजना (जी+3) में आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग (EWS) में सामान्य कोटे में आवास संख्या A-209 का आवंटन पत्र क्रमांक एफ–11/नविन्या/लॉटरी/2018-19/1855 दिनांक 19.07.2019 का लॉटरी द्वारा श्री गोविन्द बल्लभ अग्रवाल पुत्र श्री रामदास अग्रवाल को आवंटित किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 28.01.2022 को हो गई है। मृत्यु के उपरांत आवंटी की पत्नी श्रीमती उषा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री गोविन्द बल्लभ अग्रवाल एवं श्री गौरव अग्रवाल पुत्र स्व. श्री गोविन्द बल्लभ अग्रवाल ने शपथ पत्र, राशन कार्ड, आई डी एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ उक्त आवास के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन किया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि किसी को भी उक्त आवास का नाम हस्तान्तरण किए जाने में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या A-209 योजना शहीद चन्द्रशेखर आजाद अफोर्डेबल आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती उषा अग्रवाल पत्नी स्व. श्री गोविन्द बल्लभ अग्रवाल एवं श्री गौरव अग्रवाल पुत्र स्व. श्री गोविन्द बल्लभ अग्रवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी। उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा


# किसी भी आत्मघाती बात या व्यवहार को गंभीरता से लें : डॉ. नीना विजयवर्गीय

- अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर कार्यशाला आयोजित
- अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान निरंतर जारी




कोटा में आत्महत्या रोकने के लिए प्रयास करने की शपथ दिलाई गई।

**कोटा,** (निसं)। अफिनिटी हॉस्पिटल की ओर से जन जागृति अभियान के दौरान लोगों को मानसिक रोग के प्रति लगातार जागरुक किया जा रहा है। मंगलवार को अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा अंतरराष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया और साथ ही आत्महत्या के रोकथाम के विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

आत्महत्या भारतीय संदर्भ में एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमारे देश में हर साल एक लाख से ज्यादा लोग आत्महत्या के कारण मारे जाते हैं। आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयास गंभीर भावनात्मक, शारीरिक और आर्थिक प्रभाव पैदा करते हैं। आत्महत्या और आत्महत्या के प्रयास दोस्तों, प्रियजनों, सहकर्मियों और समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करते हैं। जब लोग आत्महत्या करते हैं तो उनके परिवार और दोस्तों को लंबे समय तक दुरूख, सदमा, गुस्सा, अपराधबोध, अवसाद या चिंता के लक्षण और यहां तक कि खुद आत्महत्या के विचार भी हो सकते हैं।

इसलिए इस वर्कशॉप में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा आत्महत्या, इसके चेतावनी के संकेत, इसके संभावित कारण, इससे जुडी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

डॉ. नीना ने कहा कि आत्महत्या बिना किसी चेतावनी के नहीं होती है, बल्कि पीड़ित निश्चित तौर पर कुछ न कुछ संकेत देता ही है। हमें बस इन संकेतों को पहचानने की जरूरत होती है जैसे हर समय दुखी रहना, अवसादग्रस्त होना, प्रियजनों से दूर हो जाना, बयान देना कि मैं अब और बर्दाश्त नहीं कर सकता या अब मेरी वजह से और परेशानी नहीं होगी आदि।

आत्महत्या और आत्मघाती व्यवहार की रोकथाम के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि हम इसके बारे में बात करें, लोगों में इसके चेतावनी संकेतों के बारे में जागरूकता बढाएं, अपने आस-पास के लोगों से जुड़े रहें, अपने दोस्तों व परिवारजनों को ध्यान से सुनें और उन्हें बताएं कि आप उनकी मदद के लिए उनके साथ हैं, उन्हें उपलब्ध अन्य विकल्पों से अवगत कराएं जैसे मनोवैज्ञानिक या काउंसलर आदि।

इस वर्कशॉप के दौरान काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की पूरी टीम द्वारा जानकारी प्रदान की गई कि आत्महत्या के संभावित संकेतों को पहचान कर किसी की मदद किस प्रकार की जा सकती है और वर्तमान परिवेश में बढ़ते तनाव को कम करने के सुझाव भी दिए गए। इस वर्कशॉप का लाभ उपस्थित मरीजों, उनके परिवारजन, आमजन और हॉस्पिटल स्टॉफ ने उठाया।

साथ ही डॉ. नीना ने बताया कि वर्तमान परिवेश में बढ़ते तनाव के कारण लोगों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां बढ़ती जा रही हैं और इससे विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक बीमारियां होने लगी हैं जो कि आत्महत्या के लिए एक जिम्मेदार कारक है। लेकिन जानकारी न होने की वजह से और समाज के डर के कारण लोग मनोचिकित्सक के पास जाना पसंद नहीं करते हैं।

इसी समस्या को देखते हुए अफिनिटी हॉस्पिटल द्वारा एक टोल फ्री नंबर (18008906996) जारी किया गया है, जिसके द्वारा लोग अपनी मानसिक स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को समझ सकते हैं और एक मनोरोग विशेषज्ञ की मदद से इन समस्याओं को हल भी कर सकते हैं, साथ ही उनकी पहचान भी गुप्त रखी जाती है। यह नंबर हर समय (24 घंटे) चालू रहता है और अधिक संख्या में लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।

## 14259 घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा व जागरूकता गतिविधियां की

**कोटा,** (निसं)। कामयाब कोटा बनाना है, डेंगू को हराना है एवं स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के दूसरे चरण में मंगलवार को चिकित्सा विभाग की 767 टीमों ने 14259 घरों का सर्वे किया। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान में मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा और जागरूकता गतिविधियां की गई। टीमों ने घरों के कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिण्डे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जांच की। कूलर, टंकियों आदि जल पात्रों मे लार्वा रोधी टेमीफॉस डालकर उपचारित किया गया। कुछ कटेंनरों को खाली किया। विभिन्न जल भराव वाले स्थानों पर एमएलओ भी डाला गया। टीमों ने लार्वा मिलने पर 66 मकान मालिकों को मौके पर नोटिस देकर आगाह किया। इस दौरान बुखार के 286 संदिग्धों की ब्लड स्लाईड भी बनाई गई। आमजन को बचाव-रोकथाम के उपाय बताए और जागरूकता के पम्फलेट वितरित किए व पोस्टर, स्टीकर चस्पा किए। चिकित्सा संस्थानों और स्कूलों में भी जागरूकता की गई। 232 कमरों में पायरेथ्रम का छिड़काव भी किया गया। फोगिंग भी की गई।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर**

क्रमांक:-ननिको.(उ.)/उप.न.नियो/2024/6725-26 दिनांक: 10.9.24

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रीता भार्गव पत्नी श्री आलोक भार्गव निवासी 218 सनफ्लॉर रेस्टोरेन्ट के पीछे स्टेशन रोड कोटा जं. कोटा राजस्थान द्वारा न्यू पोस्ट ऑफिस रोड भीमगंजमंडी कोटा जं स्थित नगर निगम कोटा द्वारा आवेदिका के पक्ष में जारी पट्टे शुदा आवासीय पट्टा क्रमांक 1833 दिनांक 11.04.2022 क्षेत्रफल 304.99 वर्गफीट आवासीय पट्टा क्रमांक 2182 दिनांक 19.05.2022 क्षेत्रफल 3468.97 वर्गफीट आवासीय पट्टा क्रमांक 4062 दिनांक 14.03.2023 क्षेत्रफल 844.75 वर्गफीट कुल 3 भूखंड कुल क्षेत्रफल 4618.75 वर्गफीट का एकीकरण हेतु आवेदन किया गया है।

आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार उपरोक्त तीनों भूखंडों के कुल क्षेत्रफल 4618.75 वर्गफीट के एकीकरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उप नगर नियोजक नगर निगम कोटा उत्तर

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 3421 जाहिर आम सूचना दिनांक - 10.9.24


आवास संख्या 1-घ-21 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री इस्हाक मोहम्मद पुत्र श्री अमीन मोहम्मद को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री इस्हाक मोहम्मद पुत्र श्री अमीन मोहम्मद द्वारा दिनांक 27.08.1994 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री इस्हाक मोहम्मद पुत्र श्री अमीन मोहम्मद की मृत्यु दिनांक 27.07.2001 को हो चुकी है। मृतक के वारिसानों में श्रीमती कनीज फातमा पत्नी स्व. श्री इस्हाक मोहम्मद, श्री इदरीस वारसी, श्री इलियास, श्री इसराइल, श्री रफीक, शकीला बानो पिसरान स्व. श्री इस्हाक मोहम्मद द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.04.2003 को श्री प्रदीप कुमार मित्तल पुत्र श्री सुरेश चन्द्र मित्तल को किया गया। तत्पश्चात श्री प्रदीप कुमार मित्तल पुत्र श्री सुरेश चन्द्र मित्तल द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 22.11.2023 को श्री श्रेय पालीवाल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश पालीवाल को किया गया। श्री श्रेय पालीवाल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश पालीवाल द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-घ-21 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री श्रेय पालीवाल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश पालीवाल का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री श्रेय पालीवाल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश पालीवाल का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री श्रेय पालीवाल पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश पालीवाल के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

# किसी भी अनैतिक घटना की सूचना अविलम्ब पुलिस प्रशासन को दें : जिला कलेक्टर

**झालावाड़** (निसं)। जिले में आगामी त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मंगलवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।



जिला कलेक्टर ने आगामी त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी दिनों में बारावफात, जलझूलनी एकादशी एवं अनन्त चतुदर्शी जैसे बड़े त्यौहार मनाए जाएंगे जिन पर बडी संख्या में आमजन द्वारा एकत्रित होकर जुलूस निकाला जाता है। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सभी सदस्य जिला एवं पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण कडी हैं। उक्त समिति के माध्यम से जिला एवं पुलिस प्रशासन को सम्बल एवं आत्मविश्वास के साथ किसी भी अनैतिक घटना का निस्तारण करने में सहयोग मिलता है। उन्होंने सभी सदस्यों से कहा कि जिले में किसी भी क्षेत्र में होने वाली अप्रिय घटना जिससे जिले में सामाजिक सौहार्द बिगडने की स्थिति हो ऐसी घटना की सूचना जिला एवं पुलिस प्रशासन को अविलम्ब दें। उन्होंने कहा कि सभी समिति के सदस्य जिस भी व्हॉट्सएप ग्रुप्स में जुडे हैं, उनमें ज्यादा से ज्यादा जागरूकता वाले संदेशो को डाले जिससे आमजन विशेषकर युवा पीढ़ी को इस बात का ज्ञान रहे कि उनके द्वारा की गई गलत पोस्ट का जिले की शांति एवं कानून व्यवस्था पर कितना प्रतिकूल प्रभाव पडता है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने कहा कि शांति समिति के सदस्यों का दायित्व है कि वे सजग रहकर शांति व सौहार्द बनाए रखने के लिए किसी भी अनैतिक घटना की जानकारी संबंधित वृत्ताधिकारी को उपलब्ध कराएं ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके। अगर चाहे तो सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि अपने अनुभवों का लाभ उठाते हुए युवा पीढी को सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट न करने तथा समाज में नैतिकता के कार्यों में सक्रिय रहने की सलाह दें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी घटना घटित होने पर दोनों पक्षों की आपसी समझाइश के सहारे उस घटना को बड़ा रूप लेने से रोका जा सकता है इसलिए सभी सदस्य दोनो पक्षों को समझाने का प्रयास अवश्य करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों के दौरान असामाजिक तत्वों को पाबन्द करने सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के जमीनी स्तर के कर्मचारियों तक व्यापक समन्वय स्थापित कर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया तथा त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।


बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सत्यनारायण आमेटा, उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ संतोष कुमार मीणा, पुलिस उपाधीक्षक वृत्त झालावाड़ हर्षराज सिंह खरेड़ा, नगर परिषद् के उपसभापति प्रदीप सिंह राजावत सहित जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# विधि सेवा प्राधिकरण की सचिव ने उपकारागृह नैनवां का निरीक्षण किया


राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी सरिता मीणा द्वारा उपकारागृह नैनवां का निरीक्षण किया गया।

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी सरिता मीणा द्वारा उपकारागृह नैनवां का निरीक्षण किया गया। कारागृह में विधिक सेवा क्लिनिक, टेलीफोन कक्ष, वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा, बैरक, रसोईघर, मुलाकात कक्ष, डिस्पेन्सरी, स्नानागार, शौचालय, पानी की व्यवस्था तथा मनोरंजन के साधनों का भी अवलोकन किया गया। साथ ही विचाराधीन बन्दीगण से मुलाकात कर उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर उपकारापाल, उपकारागृह नैनवां मुकेश कुमार, चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल बून्दी महेन्द्र कुमार शर्मा व पैनल अधिवक्ता राजेन्द्र नागर उपस्थित रहे।

# 229 किलो 680 ग्राम अवैध अफीम एवं डोडा-चूरा जब्त


पारसोली थाना पुलिस ने अवैध अफीम एवं डोडा-चूरा जब्त कर दो जनों को गिरफ्त में लिया।

**रावतभाटा,** (निसं)। पारसोली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब 10 लाख रुपए मुल्य से अधिक का 229 किलो 680 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा जब्त किया है। एस्कोर्टिंग करते दो आरोपी गिरफ्तार तथा एक कार एवं एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 सितंबर को आयोजित विडियो कॉन्फ्रेंस में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम को लेकर दिये गए निर्देशो के अनुसरण में रावतभाटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ एवं बेगूं पुलिस उप अधीक्षक अंजलि सिंह के निर्देशन में मंगलवार को रात्री में थानाधिकारी प्रेमसिंह मय जाप्ते की संयुक्त टीम द्वारा पारसोली थाना क्षेत्राधिकार में रात्री गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान हाईवे रोड से ग्राम चावण्डिया जाने वाले रास्ते पर दो व्यक्ति मुकेश कुमार पुत्र लखमा रेगर तथा ओमप्रकाश पुत्र हजारी लाल रेगर दोनों निवासी कनकपुरा पुलिस थाना पारसोली जिला चितौडगढ मोटर साईकिल सहित खडे नजर आये जिनसे रात्री के समय इस प्रकार से संदिग्धावस्था में खडे होने का कारण पूछा गया तो चावण्डिया की तरफ से अफीम डोडाचूरा भरकर आने वाली गाडी की एस्कोर्टिंग के उद्देश्य से खडा होना बताया। इसी दौरान चावण्डिया गांव की तरफ से एक बिना नम्बरी स्कोर्पियो गाडी तेज गति से आई जिसको रुकवाने पर चालक कार से उतरकर रात्री का समय होने से फरार हो गया। स्कोर्पियो गाडी की तलाशी ली गई तो कार में अवैध अफीम डोडाचूरा के 11 कट्टे भरे हुए पाये गए।

अवैध अफीम डोडाचूरा के सभी कट्टो का वजन किया गया तो कुल वजन 229.680 किलोग्राम हुआ। अज्ञात स्कोर्पियो कार चालक एवं एस्कोर्टिंग करने वाले मुकेश व ओमप्रकाश के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर स्कोर्पियो कार व मोटर साईकिल को जप्त किया गया है। प्रकरण का अनुसंधान जारी हैं।

## भजन गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भवानीमंडी** (निसं)। दिगंबर जैन समाज द्वारा दशलक्षण महापर्व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। समाज अध्यक्ष विजय जैन जूली ने बताया कि महापर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा दशलक्षण धर्म, जिनदेव की पूजा अर्चना की। ऐलक श्री आदर्श सागर ने उत्तम आर्जव धर्म के बारे में बताते हुए जीवन में मायाचारी, छल, कष्ट को छोडकर जीवन को सफलता की ओर जीवन में सरलता की ओर बढ़ाने की बात कही। साथही बताया कि जीवन में सबसे पहले क्षमा धर्म को धारण करना होता है इसके पश्चात मृदुता को लाना होता है तभी हम आर्जव धर्म को धारण कर सकते हैं। शास्त्री प्रशांत जैन ने मार्दव धर्म का विस्तार से वर्णन किया। जिनके निर्देशन में सौधर्म इंद्र रमन जैन परिवार द्वारा संगीत में दशलक्षण धर्म आर्जव धर्म पूजा का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक मंत्री रमन जैन रानी जैन ने बताया कि मार्दव धर्म के अवसर पर जिनवर भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संयम जैन, राहुल जैन, मयंक जैन टीम ने प्रथम स्थान, श्वेता जैन, अलका जैन अल्पना जैन टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# छबड़ा में देवनारायण जयंती पर शोभायात्रा निकली, जनसैलाब उमड़ा

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में देवनारायण जयंती पर पूरे कस्बे में भव्य षोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने भाग लिया। रास्ते में जगह-जगह तोरण द्वार सजाकर पुश्प वर्शा के साथ षोभायात्रा का भव्यता से स्वागत किया। षोभायात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्तियां कलश धारण किए शामिल हुई।


कस्बे में देवनारायण जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा प्रभारी निरंजन गुर्जर ने बताया कि वीर गुर्जर विकास समिति तहसील अध्यक्ष राजमल गुर्जर के नेतृत्व में बैंडबाजा, भव्य आतिशबाजी व घुडसवारो के साथ गुर्जर-गाड़री

**■ शोभायात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत**

धर्मशाला से शोभायात्रा षुरू हुई, जो मुख्य चौराहो, मार्गो से गुजरती हु नदी दरवाजे स्थित देवनारायण मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हु । षोभायात्रा में युवा पूरे उत्साह व जोष के साथ भगवान देवनारायण के गगनभेदी जयकारे लगाते चल रहे थे। भगवान देवनारायण मंदिर पर पूजा-अर्चना के बाद सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद समाजबंधुओ ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की। शोभायात्रा में झाड़ौता देवनारायण पुण्यार्थ समिति अध्यक्ष कल्याण (पूर्व अध्यक्ष), रामप्रताप पूर्व जिलाध्यक्ष जीकैप, कुलदीप बापचा पूर्व जीकेएपी अध्यक्ष, देवा सेना जिलाध्यक्ष गिर्राज गुर्जर, पूर्व तहसील अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर, छीपाबड़ौद तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह, राजेंद्र परोलिया, मेघराज गुर्जर जिला मंत्री भाजपा, प्रेमचंद धनोरिया, रामचंद्र धनोरिया, गंगाधर मौर्य, गोविंद बाहरी, सुंदरलाल, राकेश सरसोदिया, कुलदीप सरपंच पठेड़ा, करणसिंह लकड़ा , रामचरण श्रीपुरा, चिंतामल दिलोद, कन्हैयालाल बिंदाराडी, प्रेम डोइ, डालचंद गुर्जर, महेंद्र घट्टी, प्रेमनारायण छत्रपुरा, कमल मोरेला, मानसिंह, जमनालाल, रामस्वरूप, हरिसिंह, मोरसिंह, लाखनसिंह, मांगीलाल मूंडकी, मोरसिंह, ताराचंद, मदनलाल, भंवरसिंह, रमेश सहित जिले के समाजबंधुओं ने भाग लिया।

# तैराकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित

**बूंदी** (निसं)। 68वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय तलवास के छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों प्रेमपुरा स्कूल के संयोजन में संपन्न जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में छात्र अक्षय कहार, नितिन महावर, गोविंद कहार, और शिवम महावर ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।दीप प्रज्ज्वलन के साथ आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद बिट्ठल कुमार सनाढ्य और शर्मा ने अपने पौत्र राघव शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विजेता छात्र अक्षय कहार, नितिन महावर, गोविंद कहार, और शिवम महावर को प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के खेल प्रभारी शिक्षकों सुरेंद्र कुमार, हेमराज नागर को समाजसेवक मूलचंद शर्मा व बिट्ठल कुमार सनाढ्य द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य रामराज मीणा ने कहा कि समुदाय के जागरूक

**■ छात्रों को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया**

व्यक्तियों द्वारा बच्चों की हौसला-अफजाई से नवीन ऊर्जा का संचार हुआ है। इन्होंने कहा कि विद्यालय की खेल प्रतिभाएं निश्चित ही राज्य स्तर पर भी इसी तरह अपने परिवार और गांव का नाम रोशन करेंगी।



68वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय तलवास के छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### विभिन्न स्थानों पर गौसेवा कार्य हुए

**बूंदी** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्म दिवस पर आयोजित परोपकार सप्ताह के तहत मंगलवार को विभिन्न स्थानो पर गौसेवा कार्य किये गये। मंगलवार को खोजा गेट, कुंभा स्टेडियम क्षेत्र,बहादुर सिंह सर्किल, मीरा गेट आदि स्थानो पर गौवंश को हरा चारा डाला गया।इस अवसर पर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य चर्मेश शर्मा, छोटूलाल मेघवाल, सत्यनारायण, छोटाजी,शहर कांग्रेस सचिव दिव्यांशु वशिष्ठ, एनएसयूआई छात्र नेता किशन नेखाड़ी,पूर्व प्रदेश सचिव आकाश चौधरी,सरदार अजित सिंह,राजेन्द्र मीणा आदि ने गौसेवा में भागीदारी निभायी।इस अवसर राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि सचिन पायलट के जन्मदिवस पर लोगो को गौसेवा से जुड़ रहे है।उन्होंने कहा कि गौ मातृ स्वरूपा है और गौसेवा मानवता की सच्ची सेवा है।अभाव अभियोग कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र मीणा ने बताया कि बुधवार को वानर सेवा व गौसेवा कार्य किये जायेंगे। उल्लेखनीय है एआईसीसी महासचिव पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस पर 7 सितंबर से 14 सितंबर तक परोपकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

### जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**बूंदी** (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग बूंदी एवं उधोगिनी संस्था बूंदी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत पोषण माह के तहत सही पोषण देश रोशन एवं घर पोषण त्योहार पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सब्जी उत्कृष्टता केंद्र बूंदी में किया गया ।जागरूकता कार्यक्रम में 50 आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, समुदाय को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई जागरूकता कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें सही उत्तर देने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पारितोषिक प्रदान किया गया,साथ ही एक महिला की गोद भराई तथा अन्नप्राशन किया गया।कार्यक्रम में उप निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग ऋचा शर्मा ने स्तनपान एवं पोषण के महत्व की विस्तृत जानकारी दी महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी विपुल मिश्रा ने 0 से 6 वर्ष तक के बालक/बालिका के संतुलित पोषण के विविध आयामों की जानकारी दी गई कार्यक्रम में रिलायंस फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने पोषण के विविध आयामों में पोषण वाटिका निर्माण के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### चार नामांकन पत्र दाखिल हुए

**अंता** (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश भर में करायें जाने वाले नगरपालिकाओ में खाली अध्यक्ष पद के लिए 17 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के अंतिम दिन समय समाप्ति तक नगरपालिका अंता के अध्यक्ष पद के लिए चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।निर्वाचन अधिकारी अंता संजना जोशी ने बताया कि रामेश्वर, नंदकिशोर ने भाजपा की ओर से तथा चंद्र प्रकाश व संतोष कुमार ने कांग्रेस की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 11 सितंबर को सुबह साढ़े दस बजे नगरपालिका कार्यालय अंता में नामांकन पत्रों की संविक्षा की जायेगी।

## उपखंड अधिकारी का पदभार संभाला

**बूंदी** (निसं)। 2018 बैच की आरएएस अधिकारी हरबिंदर ढिल्लों सिंह ने उपखण्ड अधिकारी बूंदी का पदभार संभाला। हरिबिंदर ढिल्लों सिंह पहले उपखंड अधिकारी तालेडा, उपविभागीय अधिकारी दीगोद, उप आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर, उपखंड अधिकारी केशोरायपाटन, उपखंड अधिकारी झालावाड व उपखंड अधिकारी असनावर के के पद पर सेवाएं दे चुकी हैं।

# विद्यालयों से सौ मीटर की परिधि में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री नहीं हो : अति. जिला कलेक्टर

**बूंदी** (निसं)। जिला बाल संरक्षण इकाई के तत्वावधान में बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।


बूंदी में बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक समीक्षा बैठक को अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही उपस्थित सभी संबंधित विभागों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंन निर्देश दिए कि विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि क्षेत्र में तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं हो। उन्होंने बाल श्रम को लेकर सभी संबंधित विभाग कार्य योजना तैयार करने एवं जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु संबंधित हितकारों की जागरूकता के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए। 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' बाल नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने एवं बाल नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर लगवाए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसवीर मीणा ने बताया कि महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में पुलिस विभाग द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान विद्यालयों में अध्ययनरत बालक बालिकाओं को जोड कर आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। बैठक में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बूंदी शहर में विद्यालय की 100 मी की परिधि में नशे से संबंधित पदार्थ, तंबाकू गुटखा की बिक्री को प्रभावी तरीके से प्रतिबंधित करने की बात कही। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने बताया कि शहर में विद्यालय के 100 मी की परिधि में नशे से संबंधित जो स्वापक पदार्थ, तंबाकू गुटखा बिक रहे हैं उन पर प्रतिबंध लगना चाहिए। बैठक के दौरान सहायक निदेशक हुकम चंद जाजोरिया ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत एवं लंबित प्रकरणों की एवं जिले में संचालित राजकीय एवं गैर राजकीय बाल देखरेख संस्थाओं में आवासीय बालकों की एवं विभिन्न संबंधित विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई।

बैठक में शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक धनराज मीणा एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ओम गोस्वामी

**■ जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक हुई**

ने बताया जिले के सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा समय बाल नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी दी जाती है एवं विद्यालयों में लगी गरिमा पेटी में शिकायत व सुझाव डालने हेतु बच्चों को बताया जाता है।

बैठक के दौरान बाल कल्याण समिति सदस्य घनश्याम दुबे ,छुट्टन लाल शर्मा , रोहित गुदड़ावत, संरक्षण अधिकारी गोविंद कुमार गौतम, सरफराज आलम, दीपिका वशिष्ठ, रामभवन, महिला अधिकारिता से भेरू प्रकाश नगर, श्रम विभाग से महेंद्र कुमार वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र जी व्यास, धनराज मीणा, ओम प्रकाश गोस्वामी पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग से, टैगोर बाल गृह से दीपक ओझा, आम्रपाली बालग्रह हिंडोली से राम प्रकाश शर्मा, तेजस्विनी आश्रय गृह से सुनीता शर्मा, चाइल्ड लाइन बूंदी रामनारायण संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**बूंदी** (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतन और प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष विकास दीक्षित के नेतृत्व में जिला कलेक्टर बूंदी से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के महामंत्री सुदेश गौत्तम ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति की गई थी। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रत्येक माह मिलने वाली कार्य आधारित प्रोत्साहन राशि 15000 रुपये का भुगतान पिछले डेढ वर्ष से नहीं किया गया है, वहीं पिछले तीन माह से वेतन का भुगतान भी नहीं हो पाया है। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एंड हेल्थ अधिकारी को भी समस्या से कई बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिसके कारण सीएचओ मानसिक व आर्थिक रूप से पीड़ित है। इस प्रतिनिधि मंडल में महासंघ के कोषाध्यक्ष ऋषिराज कुमावत, सीएचओ प्रदीप उदेनिया, सीएचओ कोषाध्यक्ष तरुण गौत्तम, सचिव कुलदीप गौत्तम,कुलदीप वर्मा, रामावतार मीना, रेवाशंकर सैनी सम्मिलित रहे।

